राज्यपाल सचिवालय
राजभवन, जयपुर

100 करोड़ कोरोना टीकाकरण पर राज्यपाल ने दी बधाई

राज्यपाल ने 'कोविड मुक्त' भारत के लिए भागीदारी निभाने का आह्वान किया

जयपुर, 21 अक्टूबर। राज्यपाल श्री कलराज मिश्र ने देश में 100 करोड़ कोरोना टीकाकरण की विशेष उपलब्धि पर देश और प्रदेश वासियों को बधाई दी है। उन्होंने कोरोना को हराने की इस मुहिम के लिए स्वास्थ्यकर्मियों, प्रशासनिक अधिकारियों सहित उन सभी लोगों को धन्यवाद भी दिया है, जिन्होंने 100 करोड़ टीकाकरण की इस उपलब्धि में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने कहा कि देश में 16 जनवरी, 2021 से शुरू हुए टीकाकरण अभियान की यह बड़ी सफलता है। उन्होंने कहा कि विश्वभर में कोरोना से होने वाली मौतों पर अब तक जितने भी अध्ययन सामने आए हैं, उनसे पता चलता है कि वैक्सीन लगने के बाद संक्रमित हो भी जाएं तो मौत की आशंका 4 से 5 गुना तक कम रहती है।

राज्यपाल श्री मिश्र ने 18 वर्ष से अधिक उम्र के सभी लोगों से 'कोविड मुक्त' भारत के लिए इस अभियान में भागीदारी निभाते हुए टीकाकरण करवाने का आह्वान किया है। उन्होंने सभी से सावधानी और सतर्कता बरतते हुए मास्क लगाने, दो गज की दूरी बनाए रखने तथा स्वच्छता नियमों की पूर्ण पालना करने की अपील की है।

———